भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.11.2023

आरेडिका में बिरसा मुंडा की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में धरती आबा भगबान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में मनाया जा रहा है जिसके तहत दिनांक 15.11.2023 से 25.11.2023 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कडी में दिनांक 15.11.2023 से 25.11.2023 तक धरती आबा भगबान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रसारण किया जा रहा है। दिनांक–23.11.2023 को जनजातीय उत्थान विषय पर निबंध लेखन एवं 24.11.2023 को बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्रशासनिक भवन के संगोष्ठी कक्ष में किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बिरसा मुंडा जी के त्याग, जीवन संघर्षों, एवं जनजातीय उद्धार के लिए किए गये कार्यो से प्रेरणा ग्रहण करने एवं अपने जीवन में उन आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

24.11.2023

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी